19U262 (Pages: 2) Name: …………..…………

Reg. No: …………………...

SECOND SEMESTER B.Voc. FP/IT DEGREE EXAMINATION, APRIL 2020

(CBCSS - UG)

(Regular/Supplementary/Improvement)

CC18U GEC2 HD05 – POETRY AND SHORT STORIES

(Common Course)

(2018 Admissions onwards)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

I. (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।)

(क) कोष्ठक से सही उत्तर चुनकर लिखिए :-

1. इनमें से कबीरदास की रचना कौन -सी है ?
   (मदनाष्टक, साखी, नरसीजी का मायरा, आँसू)
2. 'मीरअर्ज' - यह उपाधि किसको मिली ?
   (रहिम, कबीर, मीराबाई, केदारनाथ)
3. 'चीफ की दावत' का रचनाकार कौन है ?
   (प्रेमचंद, यशपाल, मधु कांकरिया, भीष्मसाहनी)
4. इनमें से कौन छायावादी कवि है ?
   (जयशंकर प्रसाद, केदारनाथ सिंह, सर्वेश्वरदयाल सक्सेना, ज्ञानेन्द्रपति)
5. 'फाइल' किस प्रकार की कहानी है ?
   (यथार्थवादी, काल्पनिक, मनोवैज्ञानिक, आदर्शात्मक)

(ख) खाली जगहों को भरिए:-

6. अब प्यासा कुँआ एक -------- बन गया है ।
7. दूब की हरी पत्ती -------- का प्रतीक है ।
8. कबीर के अनुसार हिन्दु और मुसलमान -------- का मर्म नहीं जानते ।
9. -------- गौरीपुर गाँव के ज़मीदार और नंबरदार थे ।
10. शामनाथ -------- के उपलक्ष्य में चीफ को दावत देने तैयार हुआ ।

(10 x 1 = 10 Marks)

II. किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए ।

11. कबीरदास के मत में निन्दक मुफ्त में हमारी सेवा कैसे करेगा ?
12. देवर राणाजी ने क्यों मीराबाई को पीने के लिए विष का प्याला भेजा ?
13. रहिम के अनुसार सच्चे मित्र को परखने की कसौटी क्या है ?

14. ‘अरुण यह मधुमय देश हमारा’ - मतलब क्या है ?

15. भयानक सूखे के वक्त मवेशी क्या कर रहे हैं ?

16. पक्षी को बाहर किससे डरना है ?

17. नयी नारी का सबसे मुख्य कर्तव्य क्या है ?

18. कुँआ सबसे पहले प्यास का अनुभव कब करने लगा ?

19. कुत्तिया के पिल्लों को क्यों मरवा देते थे ?

20. बेनी माधव सिंह की राय में बडे घर की बेटियों का बर्ताव कैसा होता है ?

21. ‘फाइल’ कहानी मानव जीवन की कौन-सी परेशानी की ओर इशारा करती है?

22. चीफ को दावत देने की तैयारी करते वक्त सहसा कौन-सी अडचन हुई ?

(10 x 2 = 20 Marks)

III. किन्हीं चार प्रश्नों के लघु उत्तर (150 शब्दों में) लिखिए :-

23. मीराबाई का प्रभु कौन है ? वे प्रभु के प्रति भक्ति कैसे प्रकट करती थी ?

24. ‘फाइल’ कहानी के आधार पर दैहिक शोषण झेल चुकी किशोरियों की मनोदशा का चित्रण कीजिए ।

25. पुरानी नारी कैसी थी ?

26. ‘आदमी का बच्चा’ कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर समीक्षा कीजिए ।

27. पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंड़ित भया न कोय ।
    ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय ।। (सप्रसंग व्याख्या कीजिए)

28. तरुवर फल नहीं खात है, सरवर पियत न पान ।
    कहि रहिमन परकाज हित संपत्ति- संचही सुजान ।।
    (सप्रसंग व्याख्या कीजिए)

(4 x 5 = 20 Marks)

IV. किन्हीं दो प्रश्नों के विस्तृत उत्तर (300 शब्दों में) लिखिए :-

29. ‘अकाल में दूब’ कविता में अभिव्यक्त भाव समझाकर उसके उद्देश्य पर अपना विचार स्पष्ट कीजिए ।

30. ‘बड़े घर की बेटी’ कहानी का सारांश लिखकर उसका विश्लेषण कीजिए ।

31. ‘चीफ की दावत’ कहानी का सारांश लिखकर सफेदपोश व्यक्ति के स्वार्थ विचार की समीक्षा कीजिए ।

(2 x 15 = 30 Marks)

****